दिनांकः 05.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के आणन्द में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–गांवों को गरीबी मुक्त करने की प्रक्रिया जारी–आने वाले समय में दस हजार गांवों को बीपीएल मुक्त बनाया जाएगा।
- प्रदेश के हाड़ौती अंचल में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट–सवाईमाधोपुर और सीकर में तेज बरसात के समाचार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल ब्राजील की राजकीय यात्रा पर ब्रासीलिया जा रहे हैं। यह लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। श्री मोदी कल रियो डि जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वे शिखर सम्मेलन से अलग ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा और अन्य नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री आज अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पहुंचे। पांच देशों की उनकी यात्रा के तीसरे चरण में श्री मोदी ग्लोबल साउथ के साथ भारत के जुड़ाव को मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नामीबिया की यात्रा भी करेंगे। इन देशों की यात्राओं से कार्यनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा सहयोग के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है।

000

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के आणंद में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। इसे त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय नाम दिया गया है। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि यह विश्वविद्यालय सहकारी क्षेत्र में नीति निर्माण, डेटा विश्लेषण, सहकारी विकास रणनीति के काम और अनुसंधान करेगा।

---------------

कार्यक्रम के दौरान, श्री शाह ने सहकारिता मंत्रालय और एनसीईआरटी के सहयोग से सहकारिता के बारे में स्कूली छात्रों के लिए तैयार किए गए एक विशेष मॉड्यूल का भी अनावरण किया। श्री शाह ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सहकारिता मंत्रालय ने 60 पहल की हैं। श्री शाह ने कहा कि सहकारिता आंदोलन से करीब 40 लाख कार्यकर्ता जुड़ चुके हैं।

इधर, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आज जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्थान सहकारी शिक्षा और प्रबंध संस्थान–राइसेम में हुए इस आयोजन में सहकारिता विभाग के कार्मिकों ने इस क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर मंथन किया।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान में वैश्विक सहयोग पर जोर दिया है। श्री बिरला आज नई दिल्ली में इनोवेटिव फिजिशियन फोरम के 7वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने भारत के चिकित्सा परिदृश्य को अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी से नया आयाम देने की बात कही।

---------------

सम्मेलन का उद्देश्य आंतरिक चिकित्सा के भविष्य पर चर्चा करना है। इसमें भारत, नेपाल, श्रीलंका, मलेशिया और ब्रिटेन के चिकित्सक और शोधकर्ता भाग ले रहे हैं।

000

केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि एक देश–एक चुनाव के माध्यम से लोकतंत्र को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। श्री यादव आज कोटपूतली–बहरोड़ के नीमराणा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बावड़ी गांव में शहीद शमशेर सिंह के मूर्ति अनावरण समारोह के अवसर पर श्री यादव ने कहा कि

बार–बार चुनाव होने से विकास कार्य सुचारू रुप से नहीं हो पाते हैं। ऐसे में एक ही बार में चुनाव कार्यों को पूरा कर जनप्रतिनिधियों को चुना जा सकता है।

--------------

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज बालोतरा और जोधपुर का दौर कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत चल रहे शिविरों का जायज़ा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनसभाओं को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने जोधपुर के शेरगढ़ क्षेत्र के सोईतरा गांव में संबल पखवाड़े का जायजा लिया और वृक्ष कुंज का उद्घाटन किया। ''मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान'' के तहत इस कुंज में महिलाओं ने सात हजार पौधे लगाये हैं। बालोतरा के सिवाना क्षेत्र के पादरू में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर सिर्फ घोषणाएं करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार गरीब कल्याण के योजनाओं की घोषणाएं ही नहीं कर रही, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने के लिए उचित बजट का प्रावधान भी कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गांवों को गरीबी मुक्त बनाने की योजना शुरू की गई है।

--------------

कार्यक्रम में सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर भी मौजूद रहे। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत और उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

000

प्रदेश को दूध उत्पादन में अव्वल बनाने के लिए कई नवाचार किये जा रहे हैं। गौपालन और पशुपालन विभाग की ओर से कृत्रिम गर्भाधान और गौवंश की संख्या में बढ़ोतरी के लिए सॉर्टेड सीमन योजना लागू की गई है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने डेयरी क्षेत्र को किसानों को लिए अधिक फायदेमंद बनाने के लिए बेहतर मॉडल विकसित करने पर जोर दिया। श्री कुमावत आज गुजरात के पालनपुर में महिला प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि जयपुर, सीकर, भरतपुर और टोंक जिलों के 48 महिला दुग्ध संघों की सचिवों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन दिन के इस प्रशिक्षण से महिलाओं की कार्यकुशलता बढेगी। डेयरी मंत्री ने कहा कि ये क्षेत्र महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का सशक्त माध्यम साबित हुआ है।

000

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर आज जोधपुर प्रवास पर रहीं। उन्होंने सेंट्रल जेल का दौरा किया। इस दौरान श्रीमती राहटकर ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में पुलिस को अधिक संवेदनशील होकर काम करना चाहिए, जिससे पीड़ित महिलाओं को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं की आवाज को प्रमुखता से उठाना चाहिए। श्रीमती राहटकर ने केन्द्रीय कारागार में महिला कैदियों से संवाद कर उन्हें अधिकारों के प्रति जागरुक किया। महिला आयोग अध्यक्ष ने पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी के लिए स्कूल, कॉलेजों में जागरुकता शिविर आयोजित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही एआई सशक्त नारी अभियान के तहत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के सकारात्मक उपयोग की बात कही।

000

प्रदेश के तीस जिलों में आज बरसात का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार इनमें कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ जिलों में में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं बाकी जिलों में हल्की से मध्यम बरसात का येलो अलर्ट बताया गया है। भरतपुर और जयपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में अगले 2–3 दिन मध्यम से तेज और कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। उधर, दक्षिणी राजस्थान के कुछ भागों में कल से बारिश की गतिविधियों में कमी के आसार हैं। इस बीच, आज सवाईमाधोपुर, पाली, सीकर और झुंझुनूं सहित आस–पास के इलाकों में अच्छी बारिश हुई। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि जिले में बारिश से कई जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जिला कलेक्टर ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

--------------

राज्य में कई स्थानों पर अच्छी बारिश होने से छोटे बडे बांधों में पानी की लगातार आवक बनी हुई है। प्रदेश के 692 बांधों में कुल भराव क्षमता का लगभग 55 फीसदी पानी आ चुका है। 56 बांध लबालब हैं। वहीं 412 आंशिक रूप से भर गये हैं। मॉनसून के आगमन के साथ ही प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विभिन्न संस्थाएं और सामाजिक संगठन भी इसमें

सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। इसी कड़ी में वन विभाग की ओर से रियायती दर पर पौधे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

000

मातमी पर्व मुहर्रम के जुलूस कल निकाले जाएंगे। मुहर्रम इस्लामिक कलेण्डर का पहला महीना होता है। इसके दसवें दिन यानि आशूरा को ताज़िये निकाले जाते हैं और इसके साथ ही हज़रत इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया जाता है। इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ 68वीं ईस्वी में करबला की लड़ाई में शहीद हुए थे। ताज़िये उन्हीं के मकबरे का प्रतीकात्मक रूप है। राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर मातमी जुलूसों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मातमी धुनों के बीच कल ताज़ियों को करबला में दफन किया जाएगा। जुलूस को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पुलिस ने लोगों से सौहार्द बनाये रखने की अपील की है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मुहर्रम पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उनके इंसाफ के रवैये को अपनाने का आह्वान किया है।